पंजाब केसरी 01/10/2025

# महात्मा गांधी की 156वीं जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ संयुक्त शैक्षणिक भ्रमण

अम्बाला, 30 सितम्बर (बलराम): महात्मा गांधी की 156वीं जयंती की पूर्व संध्या पर जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी के इतिहास विभाग एवं गांधी स्टडी सैंटर और डी.ए.वी. गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर के इतिहास विभाग एवं गांधी स्टडी सैंटर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।



गांधी स्टडी सैंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शैक्षणिक भ्रमण पर आए विद्यार्थियों को गांधी दर्शन से परिचित करवाते विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सैनी। (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम का शुभारम्भ जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के संबोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि महात्मा गांधी का दर्शन और मूल्य आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं और उनका अनुसरण करना हर विद्यार्थी के लिए आवश्यक है। गांधी जी ने अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर ब्रिटिश शासन को चुनौती देकर भारत को स्वतंत्रता दिलाई। उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर 1947 के बाद कई अन्य औपनिवेशिक देशों ने भी स्वतंत्रता प्राप्त की।

इसके बाद जी.एम.एन. कॉलेज के इतिहास विभाग अध्यक्ष एवं गांधी स्टडी सैंटर प्रभारी डॉ. धर्मवीर सैनी ने विद्यार्थियों को गांधी स्टडी सैंटर का भ्रमण करवाया और सैंटर में प्रदर्शित फोटोग्राफ्स एवं सामग्री के माध्यम से गांधी जी के जीवन के विभिन्न चरणों तथा उनके विचारों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि आज की असंतुलित जीवनशैली को संतुलित और सकारात्मक बनाने में गांधी जी का दर्शन मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए गांधी जी के सिद्धांतों का अनुसरण करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर दोनों कॉलेजों के इतिहास विभाग एवं गांधी स्टडी सैंटर के बीच एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में गांधी जी के विचारों एवं मूल्यों के प्रसार के लिए संयुक्त रूप से शैक्षणिक और एकेडमिक गतिविधियों का आयोजन करना है। डी.ए.वी. गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर की इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अमनप्रीत कौर ने कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों को गांधी जी के जीवन और दर्शन को गहराई से समझने का अवसर प्रदान किया।